हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 31 अगस्त 2025



# तीन जिलों के 17 हजार किसान का पंजीयन शेष, नहीं बेच पाएंगे धान!

## पांच सितंबर तक अवधि बढ़ाए जाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आधुनिकता के इस दौर में अब प्रदेश सरकार किसानों को भी पूरी तरह से डिजीटल कर रही है। फार्मर आईडी पोर्टल में पंजीयन के बाद अब हर किसान की एग्रीटेक पोर्टल के जरिये डिजीटल आईडी बनाई जा रही है। खास बात यह है कि इस आईडी के बनने बाद किसान अपनी आईडी के जरिये ही फसल बीमा, समर्थन मूल्य पर धान बिक्री, ऋण लेने सहित अन्य कार्य कर पाएगा।

अब तक अविभाजित जिले के 216254 ने अपना पंजीयन करा लिया है। सीएससी सेंटरों के माध्यम से किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। हालांकि अब भी अविभाजित राजनांदगांव जिले के 17 हजार किसानों का पंजीयन बाकी है। ज्ञात हो कि शासन स्तर से यह साफ कर दिया गया है कि पंजीयन नहीं कराने वाले किसानों को धान बिक्री किए जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस नई पहल के तहत किसानों को यूनिक आईडी नंबर मिलेगा, जिसे फॉर्मर आईडी या किसान कार्ड के नाम से जाना जाएगा। प्रदेश सरकार के निर्देश बाद जिले में भी कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे के नेतृत्व में प्रशासन लगातार पंजीयन की गति को बढ़ाने का काम भी कर रही है।




### इन कारणों से आ रही समस्या

किसानों के पंजीयन में कुछ समस्या भी आ रही है। जिनमें ज्वाईंट खाता होने पर पोर्टल में पंजीयन का ऑप्सन नहीं आ रहा। आधार कार्ड में नाम और खातों में अक्षर गलत होना भी पंजीयन में बाधा बन रहा है। पिछले दो साल से नामांतरण, खाता-विभाजन के कारण संशोधित हुए खातेदार एवं समान नाम वाले गांव का डाटा की अदली-बदली होने से भी किसानों के पंजीयन में दिक्कतें देखने को मिल रही है।

### पंजीयन के लिए आधार-बैंक पासबुक जरूरी

मिली जानकारी के अनुसार किसान आईडी में पंजीयन कराने के लिए तीन दस्तावेज अनिवार्य रखे गए हैं। इनमें किसान का आधार कार्ड, उसके बैंक खाते की पासबुक एवं जमीन से जुड़े दस्तावेज जिनमें बी-वन, बी-टू, ऋण पुस्तिका शामिल है। इनके बदौलत किसान अपना पंजीयन ऑनलाइन करा सकते हैं। इस खरीफ सीजन में धान बेचने से पहले भी किसानों को इसमें पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीयन की सुविधा जिले के सभी लोकसेवा केंद्र, ग्राम पंचायत, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के अलावा कृषि विभाग के शिविर के माध्यम से दी जा रही है।

**नांदगांव में सर्वाधिक किसान** : अविभाजित राजनांदगांव जिले में किसानों की कुल संख्या करीबन 4.65 लाख है। हालांकि किसानों की संख्या घटते-बढ़ते रहती है। इनमें राजनांदगांव जिले में सर्वाधिक 3.12 लाख किसान हैं। जिनमें अब तक 117512 किसान का पंजीयन कर लिया गया है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 87500 किसान हैं। जिनमें 61369 किसान का पंजीयन हो गया है। ऐसे ही मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 65 हजार किसानों में से 37373 किसान ने अपना पंजीयन करा लिया है। 31 अक्टूबर तक यह पंजीयन का कार्य किया जाएगा।

# डेढ़ हजार बच्चों को राहतः कॉलेजों में बंद दाखिला पोर्टल शुरू, 5 सितंबर तक मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नई शिक्षा प्रणाली के तहत अब प्रदेश में भी माध्यमिक शिक्षा मंडल साल में दो बार 10वीं एवं 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा आयोजित कर रहा है। जुलाई महीने में दूसरी बार आयोजित परीक्षा में जिले से 12वीं कक्षा के करीबन डेढ़ हजार बच्चे शामिल हुए थे। इन बच्चों को अब भी अपने परीक्षा परिणाम का इंतजार है। बच्चे बेहतर परिणाम आने पर अच्छे कॉलेजों में प्रवेश का सपना देख रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर प्रदेशभर के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया बंद 14 अगस्त से बंद कर दी गई थी। ऐसे में परीक्षा पास करने के बाद भी बच्चों को दाखिले के लिए भटकना पड़ता। हालांकि लगातार मांग के बीच अब शासन ने कॉलेजों में दाखिले का पोर्टल दोबारा शुरु कर दिया है। आगामी पांच सितंबर तक छात्रों को आवेदन का अवसर दिया गया है। ज्ञात हो यदि पोर्टल को दोबारा शुरू नहीं किया जाता तो इन बच्चों को अपना पूरा साल बर्बाद करना पड़ सकता था। मिली जानकारी के अनुसार जिले के अधिकांश कॉलेजों में सीट खाली रह गई है। खासकर निजी कॉलेजों में दाखिले बेहद कम हुए हैं।



### 14 तक चला पोर्टल, अब 5 तक मौका

प्रदेशभर के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए अब ऑनलाइन प्रणाली से ही आवेदन लिए जाते हैं। प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार पोर्टल में अंतिम अवसर दाखिले के लिए 14 अगस्त तक दिए गए थे। इसके बाद से इसकी अवधि नहीं बढ़ाई गई। हालांकि अब माशिम द्वारा बोर्ड परीक्षा के परिणाम में देरी के चलते पोर्टल दोबारा पांच सितंबर तक के लिए शुरू कर दिया गया है।

### 30 कॉलेज, दो हजार सीट खाली

मिली जानकारी के अनुसार जिले में हेमचंद युनिवर्सिटी से एफीलेटेड कुल 30 कॉलेज हैं। इनमें सरकारी एवं निजी कॉलेज शामिल हैं। इन कॉलेजों में छह हजार के करीब सीटें हैं। जिनमें लगभग 30 से 40 फीसदी यानि दो हजार सीटें अब भी खाली है। जिनमें अब दाखिला हो पाएगा।

# मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी ने ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या, सुसाईड नोट में कई लोग के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। कर्मचारी ने तीन पन्ने का सुसाइड नोट भी छोड़ा है। जिसमें गबन के झूठे मामले में फंसाने, वेतन रोकने जैसे ट्रस्ट के कुछ लोगों द्वारा मानसिक रूप से परेशान करने की बात लिखी है।

सुसाईड नोट में ही ट्रस्ट से जुड़े करीबन चार से पांच लोगों के नाम भी शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार आत्महत्या की यह घटना शुक्रवार दोपहर की है। चंदू ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। रेलवे यार्ड के पास कर्मचारी चंदू प्रसाद का शव दो हिस्सों में बंटा पाया गया।


मामले की जानकारी के बाद जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। शव को पीएम के लिए रवाना किया गया। इसी दौरान चंदू प्रसाद की जेब से सुसाइड नोट भी बरामद किया गया।

### मानसिक प्रताड़ना का लगाया आरोप

सुसाइड नोट में कर्मचारी चंदू प्रसाद ने खुद को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है। उसने ट्रस्ट के कुछ लोगों के नाम का उल्लेख भी किया है। इसके वेतन नहीं मिलने और इससे अपनी आर्थिक स्थिति खराब होने का उल्लेख भी सुसाइड नोट में किया है। मामले की जांच जीआरपी की टीम कर रही है। विवेचना अधिकारी गजेंद्र पिस्दा मृतक के परिजनों का भी बयान ले रहे हैं।

**ड्यूटी पर नहीं आ रहा था मृतकः** मिली जानकारी के अनुसार मृतक चंदू प्रसाद मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट में काम करता था, जहां उस पर लड्डू वितरण काउंटर की जिम्मेदारी थी। ट्रस्ट सूत्रों ने बताया कि ट्रस्ट ने चंदू प्रसाद पर करीब 2.94 लाख रुपए के गबन का आरोप लगाया था। जिसकी वसूली उससे की जानी थी। इसी दौरान चंदू ने आत्महत्या कर ली। बताया गया कि चंदू प्रसाद पिछले बीस वर्षों से मंदिर प्रशासन में कार्यरत था, लेकिन बीते दस दिनों से वह ड्यूटी पर नहीं आ रहा था।

0 **राजनांदगांव**। भादो माह में नियमित रूप से बारिश न होने की स्थिति में लोगों को गर्मी एवं उमस से हलाकान होना पड़ रहा है। दूसरी ओर किसानों को झमाझम बारिश का इंतजार बना हुआ है। बताया जा रहा है कि खेतों में पानी का ठहराव नहीं हो पाया है। जिससे फसल पर प्रभाव पड़ रहा है।




# सभी थानेदारों को एसपी के निर्देशः नशीले पदार्थों की तस्करी पर करें कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने क्राईम मीटिंग लेकर लंबित मामलों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अपराध रोकने एवं असामाजिक पर अंकुश लगाने सख्त निर्देश दिए। वहीं पशु एवं नशीले पदार्थों की तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

पुलिस के अनुसार 29 अगस्त को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में राजपत्रित अधिकारी पुलिस एवं थाना व चौकी प्रभारियों की क्राईम मीटिंग ली। जिसमें कानून व्यवस्था एवं अपराधों के संबंध में जानकारी ली गई। मीटिंग में मुकेश ठाकुर, सीएसपी वैशाली जैन, सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसादिया, डीएसपी तनुपिया ठाकुर व जिले के समस्त थाना व चौकी के प्रभारीगण उपस्थित थे।

### असामाजिक तत्वों पर करें कार्रवाई

श्री गर्ग ने अपराधों पर नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों, नशीले पदार्थों की खरीदी-बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए संदिग्ध लोगों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए। गुंडा बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने हिस्ट्रीशीट गुंडा रजिस्टर में नाम दर्ज कर उन पर सतत निगाह रखने तथा जिला बदर की कार्रवाई करने हेतु निर्देशित दिया गया। फरार आरोपियों के संपत्ति का विवरण लेकर अपराध के माध्यम से अर्जित संपति के विरूद्ध कार्रवाई करने तथा संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया करने निर्देशित किया गया।

### प्रतिदिन करें वाहनों की चेकिंग

गणेश पूजा में आवश्यतानुसार बल लगाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देश दिया गया। थाना व चौकी में पिकेट्स लगाकर वाहनों की प्रतिदिन चेकिंग करने और अवैधा सामग्री मिलने पर विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग में विभिन्न कार्यों के लिए संचालित पोर्टल डेटा एंट्री कार्य, कोर्ट निराकरण एवं अन्य महत्वपूर्ण पोर्टल के कार्य एवं महत्व के संबंध में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा विस्तार से बताया गया। साथ ही मीटिंग हॉल में इन पोर्टलों का लाईव डेमो भी दिखाया गया।

# धार्मिक भावनाओं को पहुंचाई ठेस, फरार आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोशल मीडिया में गंदी मानसिकता के साथ मवेशी का फोटो वायरल करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोपालपुर के नदीम खान उर्फ अब्दुल नाहिर खान द्वारा सोशल मीडिया में गौवंश की फोटो गंदी मानसिकता के साथ अपलोड कर आम जनता की धार्मिक भावनाओं को आहत करने की नीयत से वायरल करने पर 25 अगस्त को श्री महाकाल सेना घुमका नगर एवं बजरंग दल गौसेवा घुमका द्वारा लिखित शिकायत आवेदन दिया गया था, जिस पर आरोपी के विरूद्ध थाना घुमका में धारा 299, 3(5) बीएनएस, 66-ए (बी) आईएक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस के अनुसार थाना घुमका स्टाफ द्वारा तत्काल आरोपी नदीम खान उर्फ अब्दुल नाहिद को 25 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया था। प्रकरण के अन्य फरार आरोपी साहिल खान 18 साल साकिन गोपालपुर को आज पता तलाश कर पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

- **श्री महाकाल सेना घुमका नगर एवं बजरंग दल गौसेवा घुमका द्वारा 25 अगस्त को दिया गया था लिखित शिकायत आवेदन**









## खबर संक्षेप

### सावधानी बरतकर बचे साइबर ठगों से

**ठेलकाडीह।** वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत तिलई हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। तेजस्वी वर्मा ने छात्र- छात्राओं को फाइनेंशियल लिटरेसी के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने साइबर ठगी के बारे में बताया कि हमें लालच में नहीं चाहिए। कभी भी बैंकिंग जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को न दें। प्राचार्य आरके जोशी ने कहा कि वर्तमान में साइबर अपराध बहुत बढ़ चुका है। फोन कॉल, एसएमएस लिंक के माध्यम से लालच देकर ठगी किया जाता हैं जिससे बचना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में संजय साहू, एचके तेली, एसके शर्मा, केएल पेकरा, एस अहराज, श्री विश्वकर्मा, दीपा बंजारे, सुनीता पाटले, वंदना टेकाम, सुनीता साहू, एके रावटे, एम श्रीवास्तव, श्री पाण्डे आदि उपस्थित थे।



### घर-घर बिराजे गणपति



**मुसरा।** क्षेत्र में इन दिनों गणेशोत्सव की धूम है। ग्रामीणों ने गली- मोहल्ले में गणेश प्रतिमा स्थापित किया है। रोशन वर्मा ने बताया कि सुबह शाम गणपति महाराज की आरती पूजा में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हो रहे है।

### राजपूत महासभा की बैठक आज

**घुमका।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह उप समिति राजनादगांव की सामान्य सभा की बैठक स्थानीय महाराणा प्रताप मंगल भवन में कल 31 अगस्त को दोपहर 2 बजे रखा गया है। अध्यक्षता उप समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय करेंगे। समिति के सचिव रघुनंदन सिंह ठाकुर ने बताया बैठक में महासभा से प्राप्त पत्रों का वाचन, संभावित केंद्रीय बैठक, महाराणा प्रताप भवन के रखरखाव, सामाजिकजनों के आवेदन एवं महाराणा प्रताप भवन चिखली में महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापना पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय ने सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने अपील की है।

### प्रमाण पत्र बनाने स्कूलों में लगा शिविर

**खुज्जी।** राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 30 अगस्त को विभिन्न स्कूलों में बच्चों का आय जाति निवास प्रमाण पत्र बनाने शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत बड़भूम के आश्रित ग्राम करेठी एवं ग्राम पंचायत दर्री में राजस्व, पंचायत एवं शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं का आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाया गया। शिविर में राजस्व निरीक्षक फारुक मोमिन, पटवारी तृप्ति कोसरिया, अभिलाष गुप्ता, सरपंच बिसनबाई, सचिव महेश सोनटेके, शुद्धोधन सोनटेके, महेंद कुमार साबला, भगतराम पटेल शामिल हुए।



### बस स्टैंड में मवेशियों का जमघट

**खड़गांव।** गांव के बस स्टैंड चौक सहित अन्य स्थानों पर गायों का डेरा जमा रहता है जिसके चलते दुर्घटना का भय बना रहता है। बीते लगभग एक माह में दस गायों की मौत हो चुकी है इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी सड़कों पर जमा रहने वाले मवेशियों को नियंत्रित करने की दिशा में गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। गायों की मौत के बाद भी अधिकारी मौन साधे हुए है। ग्रामीणों ने बताया कि गायों के चौक चौराहों पर बैठने से आवागमन बाधित होता है।



### कॉलेज विद्यार्थियों ने किया सफाई



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डा अंजना ठाकुर के निर्देशन में 30 अगस्त को स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम छात्र -छात्राओं को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। छात्रों ने महाविद्यालय परिसर एवं कक्षाओ की सफाई किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता हरवंस चौरगे, चन्द्रकांत कुंभकार, मोनिश खान, ओमप्रकाश सहारे, डा काव्या जैन, डा.संजू सिंह, डा हेमलता विरदी, कंचन साहू, शुभि जैन, योगिता ठाकुर, हिमानी साहू के अलावा पूजा भुआर्य, दिलेश्वरी, तिलेश्वरी, दीपिका, उपासना, प्रियंका, गुलाब, गितेश, जितेन्द्र आदि अभियान में शामिल हुए।

### पढ़ाई के साथ खेलों में हिस्सा लें छात्र

**जालबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय जालबांधा में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और सहायक प्राध्यापक संजय देवांगन के निर्देशन में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल के प्रति जगाना है। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छे अंक अर्जित करने के लिए तैयारी करते है, साथ ही विभिन्न खेलों में सम्मिलित होकर राज्य और विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करना चाहिए। इस दौरान कैरम, शतरंज, बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विजयी प्रतिभागियों को भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करने टिप्स दिया गया। संचालन डॉ नवीन सिंह राजपूत एवं आभार प्रदर्शन पूजा देवांगन ने किया।



## ग्रामीणों की परेशानी को नजर अंदाज कर रहे अधिकारी और जनप्रतिनिधि

# जर्जर सड़कों से थम गई आवाजाही, बढ़े हादसे



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत बनी ग्राम खड़बत्तर सड़क जो खुर्सीपार से भोजटोला मुख्य मार्ग को जोड़ती है, इस दिनों ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सडक के बीच बना गड्ढा बीते दो माह से दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है इसके बावजूद पीडब्ल्यूडी तथा प्रधानमंत्री सड़क योजना के अफसरों की नींद नहीं टूट पाई है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार एक तालाब को दूसरे तालाब से जोड़ने वाली भूमिगत पाइपलाइन के टूटने से सड़क धंस गई और बड़ा गड्ढा बन गया है। सड़क का अन्य हिस्सा भी उखड़ चुका हैं। हालत यह है कि ग्रामीण और वाहन चालकों को हर कदम पर जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। आए दिन लोग इस गड्ढे में घुसकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस गड्ढे में कई लोग अब तक गिरकर घायल हो चुके हैं। आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग मरम्मत कराने के बजाय मौन साधे हुए हैं।

#### समस्या से मुंह फेरा

ग्रामीणों ने इस समस्या की शिकायत पंचायत स्तर पर भी की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पंचायत प्रतिनिधि यह कहकर पल्ला झाड़ रहे है कि मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत बनी इस सड़क की मरम्मत करने का अधिकार उनके पास नहीं है,और न उन्होंने इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों को दिया है।

#### मौत के इंतजार में विभाग

जिले के भीतरी इलाके में जर्जर सड़क और पुल पुलियों की चपेट में अब तक कई राहगीरों की मौत हो गई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि दो माह बीतने के बाद भी न तो मरम्मत शुरू हुआ है और न ही सड़क पर चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही इस जर्जर सड़क की मरम्मत कराया जाए अन्यथा वह आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। पंचायत सचिव अर्जुन कलिहरे ने बताया कि बारिश की वजह से पाइप टूट कर जमींदोज हो चुका है। बारिश के बाद मुरम डाल कर ठीक किया जाएगा।

## सड़क पर सिर्फ गड्ढे, मरम्मत कराने में कोताही

**भंडारपुर।** गांव और ग्रामीणों के विकास के दावों के बीच विड़बना ही कहा जाए कि दो विकासखंड को जोड़ने वाली सड़क के बेहद खराब स्थिति में होने के बाद भी अधिकारी और जनप्रतिनिधि मरम्मत कराने को लेकर रत्ती भर भी गंभीरता नहीं दिखा रहे है। इस लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

डोंगरगढ़ से भंडारपुर- खैरागढ़ मार्ग सबसे ज्यादा खराब स्थिति में है। इस सड़क में गढ्डे ही दिखते है। सड़क में गढ्डों को गिनने का प्रयास किया जाए तो दिनभर ने गिनती करना मुश्किल है। अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस सड़क का उपयोग आवागमन के लिए करते हैं लेकिन उन्हे सड़क की हालत नहीं दिख रही है। दो विकासखंड को जोड़ने वाली इस सड़क से आवागमन करना मुश्किल हो गया है। डोंगरगढ़ को खैरागढ़ से जोड़ने वाली इस सड़क दिनों दिन खतरनाक होते जा रही है। आए दिन सड़क पर दुर्घटना होते रहती है। भंडारपुर के अशोक शर्मा, उदय सिन्हा, छोटू सिन्हा, सन्नी जैन, दया ठाकुर सहित अन्य ने बताया कि सड़क पर होने वाले हादसे के कारण कई परिवार बेसहारा हो गए है।



#### आगे पाठ- पीछे सपाट

ग्रामीणों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा मेंटनेंस जरूर कराया जाता है किन्तु गत्वत्ता हीन काम होने के कारण कुछ दिनों में ही सड़क की हालत जस के तस हो जाती है। इस सड़क पर कई बार मरम्मत कराया जा चुका है लेकिन हर बार सड़क बनने के साल भर के अंदर ही हालात जैसे के तैसे हो गए। मरम्मत में लाखों रूपए खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा नहीं मिल रही है।

#### हमेशा व्यस्त रहता है मार्ग

यह व्यस्त मार्गो में से एक है। इस मार्ग से दिहाड़ी मजदूर, स्कूली बच्चे, सरकारी अधिकारी-कर्मचारी व यात्री बसें बड़ी संख्या में गुजरती है। सड़क के खतरनाक होने के बाद भी लोगों का इस मार्ग से सफर करना मजबूरी है वजह यह है कि अन्य विकल्प नहीं है। जानकारी के अनुसार यात्रियों से भरी लग्जरी बसें भी यही मार्ग से होते हुए खैरागढ़, कवर्धा और आगे तक जाती है। आसपास गांवो के बच्चे इसी सड़क से डोंगरगढ़ और खैरागढ़ पढ़ने जाते हैं। सफर के दौरान सभी इस बात को लेकर डरे सहमे रहते है कि कहीं दुर्घटना न हो जाए।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

प्राथमिक शाला जोशीलमती के प्रधानपाठक शंभूदयाल नायक एवं माध्यमिक शाला के प्रधानपाठिका पुष्पा कुंजाम के सेवानिवृत होने पर संकुल के शिक्षकों ने कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दिया। शुभारंभ के बाद बेलरगोंदी संकुल के दिवंगत शिक्षक नरेंद्र कुमार चतुर्वेदी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस मौके पर निवृत्तमान शिक्षकों को

श्रीफल, साल, मेंमौटो भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने सम्मान के साथ निवास स्थान तक पहुंचाया गया। समारोह में प्राचार्य अशवंतीन शोरी ने शिक्षक की मेहनत, समर्पण और बच्चों के भविष्य के निर्माण में उनके योगदान की प्रशंसा किया।

कार्यक्रम में युक्तियुक्तकरण के तहत संकुल में पदस्थ शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अजय चन्द्रवंशी, गैंदालाल कोलियारे, होरीलाल भुआर्य, चैनकुमार सोनवानी, राकेश खोब्रागढे, रितेश चक्रधारी, अखिलेश सिन्हा, टोमन चन्द्रवंशी, परमेश्वर चन्द्रवंशी, धनुक सिंह पाल, अशोक पटेल, मोनालिसा माहला, राजीव टेमरे, आनंद चंद्रवंशी, शैलेन्द्र शर्मा, कीरत गणवीर, साधना रामटेके, डिलेश्वरी पिथौरा, सुधा गजभिए, देवकली चन्द्रवंशी, सरोज कोमरे, प्रवीण रावटे, यशंवत रामटेके, जबलून तिग्गा, विजय कंवर, अंकालू चन्द्रवंशी, सुरेंद्र घावडे, शिवकुमार साहू, रामकृष्ण चन्द्रवंशी, भूपेन्द्र देहारी, दशमत धुर्वे, गजेन्द्र कहिरबा, चमन चुरेन्द्र साहू, राजकुमार साहू आदि उपस्थित थे।

## कार्यशाला में महिला स्वास्थ्य पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



नेहरू महाविद्यालय में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। आयोजन के चतुर्थ दिवस महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण आहार पर छात्राओं को जानकारी दी गई। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में शासकीय महाविद्यालय बलौदाबाजार की सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ वासु वर्मा उपस्थित थी। कार्यशाला के आरंभ में प्राचार्य डॉ ईव्हीरेवती ने विषय की संवदेनशीलता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मुख्य वक्ता डॉ. श्रीमती वर्मा ने बताया कि जैसा खाये तन वैसा बने मन, इस बात को चरितार्थ करते हुए पौष्टिक आहार एवं संतुलित आहार ग्रहण करने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य संबधी विभिन्न पहलुओं को समझाते हुए बताया कि विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं को संतुलित आहार ग्रहण करने चाहिए। अंत में श्रीमती वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

## सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ विदाई



**घुमका।** मुरमुंदा स्कूल के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्राचार्य रीता शर्मा को सेवानिवृत होने पर विदाई दी। प्राचार्य रीता शर्मा के सेवानिवृत होने पर बिदाई समारोह का आयोजन शनिवार को स्कूल प्रांगण में किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य किरण बारले थी। अध्यक्षता प्राचार्य शर्मा ने की। पूजा अर्चना और स्वागत के बाद छात्राओं ने स्वागत गीत नृत्य प्रस्तुत किया। छात्र छात्राओं ने सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर छात्र छात्राओं, स्टॉफ और ग्रामीणों ने प्राचार्य शर्मा को प्रतीक चिन्ह, श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को प्रधानपाठक तोरण वर्मा, प्राचार्य दीपक ठाकुर, केएल खरशान, कोकिला सोनी, ईश्वर साहू, कल्पना साहू ने संबोधित करते हुए रीता शर्मा के कार्यकाल की तारीफ की। मुख्य अतिथि बारले ने प्राचार्य शर्मा को कर्तव्य निष्ठ शिक्षक बताया। इस दौरान केवल वर्मा, चांदनी वर्मा, प्रमिला वर्मा, चंद्रकुमार साहू, लतमार साहू, उगेस निषाद, डीपी शर्मा, डिलेश्वर वर्मा आदि उपस्थित थे।

### कबड्डी का आयोजन



**छुरिया।** ग्राम पंचायत रामपुर में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जनपद सभापति उत्तरा निषाद, भाजपा मंडल महामंत्री अशोक मरकाम थे। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा कि खिलाड़ी को हार-जीत की चिंता किए बगैर मैदान में उतरना चाहिए। इस अवसर पर सीमा चंद्रवंशी, अतिश सिन्हा, कन्हैया साहू, गोकुल चंद्रवंशी, सालिक साहू, कंसराम पटेल, हेमराय साहू, कमलेश साहू, धनेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

## स्वस्थ मस्तिष्क पर कार्यशाला

- विशेषज्ञों ने तनावमुक्त रहने का बताया उपाय
- विद्यार्थियों को हुआ लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

भारत-पाक के बीच 1971 में हुए युद्ध में वीरगति प्राप्त चिलमटोला निवासी शहीद भरत शाह कुंजाम की स्मृति में संचालित शहीद भरत शाह शिक्षण संस्था कौड़ीकसा ने पहली बार मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन लाल श्याम शाह शासकीय नवीन महाविद्यालय मोहला में शुक्रवार को किया। कार्यशाला का विषय तनाव प्रबंधन और साइबर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा था। प्रिंसपल डॉ जीके जोशी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला डॉ रीना कोमरे ने संचालन किया। डॉ अमित गुप्ता ने आभार ज्ञापन किया। वक्ता सुधा शाह कुंजाम एवं साइकोलॉजिस्ट अदिति शाह कुंजाम थी। उन्होंने लगभग दो घंटे तक विद्यार्थियों से बातचीत की। इस चर्चा का उद्देश्य विद्यार्थियों तनाव को कैसे नियंत्रित करें, उन स्वास्थ उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया जिन्हें अपनाकर शिक्षा, सामाजिक, आर्थिक समस्याओं, युवाओं की चुनौतियों और पारस्परिक संबंधों से जुड़े तनाव को कम किया जा सकता है। साइबर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सत्र में बताया गया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किस प्रकार संयमित, सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से किया जा सकता है।

### शत्रुघन तिवारी बने नवगठित संघ के पहले अध्यक्ष

# संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने बनाया संघ



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शिक्षकों के बाद विकासखंड के संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने अपने संघ का गठन किया है। संघ की घोषणा करते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन के माध्यम से शैक्षिक गतिविधियों एवं समन्वय कार्यों को सशक्त बनाया जाएगा, साथ ही शिक्षकों एवं संकुल समन्वयकों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुँचाया जाएगा। जानकारी के अनुसार नव गठित संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ में अध्यक्ष शत्रुघन तिवारी, उपाध्यक्ष नूतन हिरवानी, कोषाध्यक्ष नेकराम साहू, सचिव यशवंत देवांगन, सह सचिव पुष्पेंद्र कुमार साहू तथा मीडिया प्रभारी राहुल कुमार जैन है। सदस्य के रूप में दिलेश्वर शांडिल्य, दानीराम वर्मा, सननकुमार सकरे, दुष्यंत साहू, वेदराज ठाकुर, माखनलाल रात्रे, डामन दास साहू, देवेंद्र किशोर साहू, नीलमणि साहू, चंद्रप्रकाश साहू, लच्छुराम साहू, धनसाय सलामे, सौरभ तिवारी, मंगल दास बंजारे, सोमनाथ महला, दयानंद निषाद एवं प्रदीप कुमार ध्रुव को शामिल किया गया है।

#### सौंपा गया ज्ञापन

संघ गठन के बाद संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने एसडीएम एवं बीईओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि शासन के आदेशानुसार संकुल शैक्षिक समन्वयक प्रतिदिन शालाओं में तीन कालखंड का अध्यापन, शाला भ्रमण एवं शैक्षिक अवलोकन कर रहे हैं।लेकिन अध्यापन एवं अवलोकन के दौरान विभागीय डाक लाना- लेजाना, जानकारी संकलन एवं आँकड़ों का एकीकरण जैसे कार्य करने विवश किया जाता है, जिससे बच्चों के शैक्षिक हित बाधित होते हैं और अध्यापन- अवलोकन की निरंतरता टूटती है।

#### गैर शिक्षकीय कार्य पर आपत्ति

समन्वयकों ने बताया कि अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा गैर-शैक्षिक कार्य उनसे कराया जाता है जिससे समन्वयकों के मूल दायित्व प्रभावित होते हैं। ज्ञापन में समन्वयकों से अन्य कार्य नहीं लेने की मांग किया गया। उन्होंने कहा कि विभागीय मजबूरी के गैर-शैक्षिक कार्य लिया जाता है, तो सभी संकुल शैक्षिक समन्वयक सामूहिक इस्तीफ़ा देने मजबूर होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राहुल कुमार जैन ने दी।

### अस्सी की शराब बेच रहे डेढ़ सौ में

**खड़गांव।** क्षेत्र में इन दिनों मानपुर से शराब की अवैध सप्लाई हो रही है जिसके चलते 80 रुपए कीमत वाली शराब को डेढ़ सौ में बेचा जा रहा है। सूत्रों से पता चला कि प्रतिदिन सुबह मानपुर से एक व्यक्ति लगभग पांच सौ पौवा लाकर शराब कोचियों को देता है।

कोचिया इस शराब को डेढ़ सौ में बेचते है। उल्लेखनीय है कि नियमानुसार एक व्यक्ति एक बार में आठ पव्वा ले सकता है। सवाल यह है कि उक्त व्यक्ति एक दिन में लगभग पांच सौ पौवा शराब कहां से लाकर क्षेत्र में सप्लाई कर रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि मिलीभगत कर मानपुर से शराब सप्लाई की जा रही है। बताया जाता है कि शराब बेचने वाला व्यक्ति एक नामचीन है जिसके कारण आबकारी और पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है।




## सार समाचार

### आज 11 हजार दीपों से मनाया जाएगा दीपोत्सव

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव में बाल रत्न मंच सेवा समिति रामाधीन मार्ग गणेशोत्सव के 32वें वर्ष में कल 31 अगस्त को 11 हजार दीपों से दीपोत्सव मनाया जाएगा। दीपोत्सव में मुख्य अतिथि समाजसेवी सुनील अग्रवाल दीप प्रज्जवलन करेंगे। उक्त जानकारी देते प्रचार-प्रसार प्रमुख महेश शर्मा ने बताया कि बाल रत्न मंच सेवा समिति गणेशोत्सव द्वारा इस वर्ष भाद्रपद शुक्ल अष्टमी (राधा अष्टमी) पर्व पर कल 31 अगस्त को संध्या 6 बजे दिव्य-भव्य विभिन्न आकर्षक, देव आकृति गणपति, शंख, चक्र, गदा, त्रिशूल, ओम, स्वास्तिक एवं राष्ट्र प्रेम का संदेश देता, स्वदेशी जनजागरण के साथ अपने 32वें वर्ष में 11 हजारों दीपों से दीपोत्सव का आयोजन होगा। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी व उद्योगपति सुनील अग्रवाल शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी, समाजसेवी रमेश जैन, छग युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, समाजसेवी ब्रिजकिशोर सुरजन, संपादक सुशील कोठारी, दिव्य-भव्य दीपोत्सव आयोजन के सहयोगी राकेश ठाकुर शामिल रहेंगे।

### आध्यात्मिक दिव्य सत्संग आज

**राजनांदगांव।** धर्मनगरी डोंगरगढ़ अछोली में कल 31 अगस्त को दोपहर 01 बजे से संत शिरोमणि पूज्य माता कर्मा सामाजिक तहसील साहू संघ



भवन में चातुर्मास पर्व अंतर्गत अध्यात्मिक दिव्य सत्संग-प्रवचन भजन-कीर्तन का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर परम पूज्य महात्मा श्री लेखचंद साहेब जी ज्योति कुंज मुरमुंदा कुम्हारी दुर्ग से अपने संत मंडली के साथ पधारकर सारगर्भित दिव्य सत्संग-प्रवचन श्रवण पान कराएंगे। इसी के साथ आमीन माता भजन महिला मंडली ग्राम अछोली द्वारा कीर्तन प्रस्तुत करेंगे और कबीर निर्गुण भजन गायक अमरदास दीवान एवं संतोष साहू द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। यह जानकारी तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ के सलाहकार योगदास साहू ने दी।

### सेवानिवृत्त पर भीमटे का सम्मान

**राजनांदगांव।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय सुरगी (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) (आयुष ) में पदस्थ कार्यरत औषधालय सेवक दिलीप भीमटे



सेवानिवृत हुए। औषधालय सेवक दिलीप भीमटे की विदाई समारोह में सुरगी हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं उनके स्टाफ ने दिलीप भीमटे को तिलक लगाकर, शाल, श्रीफल, गुलदस्ता, गिफ्ट भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. श्वेता बंसोड़, मेघनाथ भुआर्य, बेबी शशि, यामिनी देशमुख, भुपेश्वरी साहू, दीपचंद साहू, विनय राजपूत, बसंत ठाकुर, भोजराम नेताम, भागवत साहू, हेमंत ठाकुर, संजय सोनी, आर. कोर्राम, यश साहू आदि उपस्थित रहे।

### सम्मेलन को सफल बनाने बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 जिला सहकारी केंद्रीय



बैंक मर्यादित राजनांदगांव द्वारा कार्यक्रम जो 4 सितंबर को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑटोडोरियम राजनांदगांव में होना है। उक्त संबंध में छुरिया विकासखंड के केंद्रीय सरकारी बैंक के अंतर्गत आने वाले छह सोसायटी के अध्यक्ष एवं समिति प्रबंधकों की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने चर्चा किया गया। इसमें प्रमुख रूप से जोशीलमती सोसायटी अध्यक्ष हिरेन्द्र कुमार साहू, समिति प्रबंधक गणपत सिन्हा, गहिराभेडी समिति अध्यक्ष आलोक मिश्रा, समिति प्रबंधक बसंत साहू, कुहीकला सोसायटी अध्यक्ष रामकुमार, समिति प्रबंधक हरनारायण रामटेके, गैंदाटोला समिति अध्यक्ष सुक्रत साहू, समिति प्रबंधक लेखन साहू, साल्हेटोला समिति अध्यक्ष गजेंद्र पाल, समिति प्रबंधक घनश्याम साहू, बंजारी समिति अध्यक्ष खेम साहू, समिति प्रबंधक उत्तम कुंभकार, समिति प्रबंधक खेमलाल देशमुख उपस्थित रहे।

### किसानों ने जताया आभार

**सड़क अतरिया।** झुरानदी सब स्टेशन में विद्युत क्षमता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया गया है। क्षेत्र के किसान लो वोल्टेज की समस्या से परेशान थे। जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था जिसे ध्यान रखते हुए मुख्यमंत्री विद्युत अधोसरंचना विकास योजना के तहत ट्रांसफार्मर लगाया गया है। अब झुरानदी क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या नहीं होगी। क्षेत्र के किसानों ने जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा एवं विभाग का आभार जताया है।

### सुमति मंडल में आज महापूजा, महाभिषेक व छप्पनभोग

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी की सबसे प्राचीन गणेशोत्सव समिति सुमति मंडल कामठी लाइन द्वारा इस वर्ष अपने 103वें वर्ष में गणेशोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। 27 अगस्त को श्रीगणेश स्थापना कामठी लाइन में स्टेट बैंक के नीचे की गई है। कल 31 अगस्त को शाम 6 बजे से श्रीगणेश का महाभिषेक, महापूजा, छप्पनभोग के साथ महाआरती की जाएगी। इस वर्ष पंडाल एवं स्थापना स्थल में वृहद स्तर पर सजावट की गई है। प्रतिदिन दर्शनार्थियों को प्रसाद स्वरूप पोहा, दाल लपेटा, पावभाजी, इडली, खीर पूड़ी, साबूदाना खिचड़ी इत्यादि का वितरण रात्रि 8 बजे से किया जा रहा है।

## निधन



### श्रीमती किरण नवल वर्मा

**राजनांदगांव।** महेश नगर निवासी श्रीमती किरण वर्मा धर्मपत्नी नवल वर्मा का 45 वर्ष की आयु में 30 अगस्त 2025 को आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा महेश नगर स्थित निवास से मठपारा मुक्तिधाम के लिए कल 31 अगस्त को सुबह 11 बजे प्रस्थान करेगी। वह अपने पीछे दो पुत्री, भतीजे-भतीजी, सास, देवर-देवरानियों का भरापूरा परिवार छोड़ गई है। वह स्व. रामकृष्ण वर्मा की पुत्र वधु एवं व्यवसायी कमल, कृष्णा व गिरीश वर्मा की भाभी थी।

### सुगम आवाजाही बहाल करने प्रशासन की कार्रवाई

# शहर को अतिक्रमण से मुक्त कराने सड़क पर उतरे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सुगम आवाजाही बहाल करने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रशासन जेसीबी और मजदूर लेकर सड़क पर उतरा। दाऊचौरा चौक, पुराना बस स्टैंड, मस्जिद रोड और गोलबाजार जैसे व्यस्ततम इलाके में सड़क पर दुकानदारी करने वालों को हटाया, टीन का शेड लगाकर अतिक्रमण करने वालों के शेड को जेसीबी से हटाया और स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि दुबारा ऐसा करने पर पूरा सामान जब्त कर लिया जाएगा।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय के ज्यादातर व्यस्त इलाके मे जहॉ आम लोगों की आवाजाही सर्वाधिक रहती है वहॉ पक्के दुकान से ज्यादा जगह पर बाहर सामान निकालकर दुकानदारी करने वालों से आवाजाही सबसे ज्यादा प्रभावित होती थी। सरकारी नाली के उपर सीढ़ी और चबूतरे में सामान रखकर नुमाइश के चलते सुगम रूप से आना जाना नही हो पाता था और सबसे ज्यादा तकलीफ तो उस समय होती थी जब चारपहिया वाहन प्रवेश कर जाता था। समस्या को देखते हुए एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने राजस्व, नपा और पुलिस विभाग के साथ बैठक की, सड़क पर दुकानदारी करने और कच्चा अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी कर व्यवस्था बहाल करने कहा गया जिसके बाद साप्ताहिक बाजार के एक दिन पहले पूरा अमला सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने उतर गया।



#### सुगम आवाजाही में हो रही थी दिक्कत

सड़क पर दुकानदारी करने के चलते शहर के अंदरूनी इलाकों में स्थिति बद से बदतर हो गई है। कई फुट चौड़ी सड़क के किनारों का पता नही चलता था। सरकारी नालियों के उपर चबूतरा तानकर ग्राहक को लुभाने सामानों की नुमाइश की स्पर्धा के चलते आवाजाही बुरी तरह से बाधित हो रही थी। गोलबाजार, बक्शी मार्ग, पुराना बस स्टैंड, राजीव चौक, टेंपो स्टैंड में तो गुमटी और ठेलों के अलावा बांस बल्ली से जगह घेर ली गई थी जिससे सड़क की चौड़ाई और कम हो गई थी। वही खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों के दुकान सामने दुपहिया, चारपहिया वाहन खड़ा कर देने से जाम और वाद विवाद की स्थिति रोज बन रही थी। प्रशासन ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया और मुनादी करवाकर कच्चा पक्का अतिक्रमण हटाने और सड़क पर दुकानदारी बंद करने की चेतावनी दी जिसके बाद तय चार्ट अनुसार एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने राजस्व, नपा और पुलिस दल बल के साथ जेसीबी लेकर हालात का निरीक्षण किया और जरूरत अनुसार सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने अतिक्रमण हटवाया।

#### अभियान शुरू किया है

आवाजाही को लेकर लगातार शिकायत मिलने के बाद राजस्व, पुलिस और नपा ने आपसी समंवय बनाकर संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने और सड़क पर दुकनदारी से आम लोगों का राहत देने अभियान शुरू किया है। शहर की सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त करने तक अभियान जारी रहेगा।

**- टंकेश्वर प्रसाद साहू,** एसडीएम

## व्यापारी के साथ धोखाधड़ी चेम्बर ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्थानीय व्यापारी महेश माखीजा द्वारा मेट्रो रेफ्रिजरेशन गाजियाबाद के विरूद्ध दो करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोप के संबंध में चेंबर ऑफ कामर्स ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद व वरिष्ठ सलाहकार राजा माखीजा ने बताया कि स्थानीय व्यापारी महेश माखीजा को कोल्ड स्टोरेज हेतु गाजियाबाद के मेट्रो रेफ्रिजरेशन के प्रोपराइटर सुखविंदर सिंह ने कोल्ड स्टोरेज बनाने हेतु दो करोड़ दो लाख रुपए चेक के माध्यम से लिए थे, किन्तु डेढ़ वर्ष तक कोल्ड स्टोरेज का कार्य करने में आनाकानी करने लगा। बाद में 11 जुलाई 2025 को सीएसपी कार्यालय में सुनवाई हेतु संबंधित पक्ष द्वारा राशि को स्वीकार किया गया और पंद्रह दिन का समय मांगा गया।

#### गाजियाबाद के व्यापारी पर कार्रवाई की मांग

चेंबर के नेताओं ने कहा कि पुलिस के सामने स्वीकृति के बाद पंद्रह दिन बाद जब गाजियाबाद के व्यापारी से संपर्क किया गया तो वह आनाकानी करने लगा। चेंबर के नेताओं ने कहा कि पुलिस प्रशासन के समक्ष गाजियाबाद के व्यापारी द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद की गई आनाकानी कई संदेहों को जन्म देती है और प्रशासन द्वारा स्थानीय व्यापारी के पक्ष में आरोपी गाजियाबाद के व्यापारी पर कार्रवाई करने का निवेदन चेंबर नेताओं ने ज्ञापन ने किया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजा माखीजा, भीमन धनवानी, आलोक बिंदल, अमर लालवानी, तरूण लहरवानी, राजकुमार बाफना, अरूण डुलानी, दीपक नवलखा, पवन गणसानी, संजय तेजवानी, रवि वाधवानी, प्रकाश वाधवानी, महेश माखीजा उपस्थित थे।

## आंदोलन खत्म करने दमनकारी नीति का आरोप

### अनुपस्थित पर कार्रवाई के निर्देश, जलायी सरकारी आदेश की प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अनुकंपा नियुक्ति, संविलियन, ग्रेड-पे, स्थानांतरण नीति निर्धारण सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर बीते 13 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों को शासन ने तत्काल काम पर वापस लौट के निर्देश दिए हैं, लेकिन कर्मचारी अपनी मांग पूरी नहीं होने तक हड़ताल पर डटे हुए हैं। जिसके बाद शासन स्तर पर एक नोटिस जारी किया गया है और कार्य से अनुपस्थित रहने वाले एनएचएम कर्मचारियों पर कार्रवाई को लेकर निर्देश दिया गया है। इस निर्देश के खिलाफ आज एनएचएम के कर्मचारियों ने हड़ताल स्थल पर सरकारी आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया और शासन से अपनी मांगे पूरी करने अपील की।

एनएचएम कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष किरण गायकवाड़ ने कहा कि 20 वर्षों से एनएचएम कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। सरकार ने हमारी मांग को हमेशा से अनदेखा किया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को बुनियादी सुविधाएं मिलनी चाहिए, लेकिन सरकार कर्मचारियों का अधिकार नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार दमनकारी नीति अपनाकर हमारे आंदोलन को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि आज शासन के आदेश की प्रति जलाकर संदेश दिया जा रहा है कि हम सब एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे।



#### दी जा रही भ्रामक जानकारी

हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारियों ने कहा कि उनकी 10 सूत्रीय मांगों में से एक मांग को लेकर ही लिखित आदेश मिला है, लेकिन पांच मांगे पूरी होने की भ्रामक जानकारी शासन स्तर से दी जा रही है। जबकि बाकी कोई भी मांग पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं कर हमें हड़ताल करने मजबूर किया है, जब तक सभी मांगे पूरी नहीं की जाती है, तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा।

#### वेतन रोकने के निर्देश

जिला मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी के नाम जारी पत्र में कहा गया है कि एनएचएम के अनुपस्थित सभी अधिकारी और कर्मचारियों को कार्य नहीं वेतन नहीं के सिद्धांत का पालन करते इस माह की अनुपस्थित अवधि का वेतन आहरित नहीं किया जाए। वहीं इस आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

#### सेवा से पृथक करने की चेतावनी

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से जारी आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ द्वारा जारी संदर्भित आदेश के पश्चात भी विभिन्न जिलों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकांश अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा अपने कार्यालय में अभी तक उपस्थिति नहीं दी गई है, जो कि लोकहित के विरूद्ध एवं पूर्णतः अनुचित है। कार्यालय में अनुपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यालय में उपस्थिति नहीं दिए जाने की अवस्था में उनके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिसके अंतर्गत उन्हें सेवा से पृथक किया जा सकता है।

## डीजे पर प्रतिबंध, होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गणेश विसर्जन और ईद मिलादुन्नबी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को नगर पंचायत सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रशासन और स्थानीय प्रतिनिधियों ने मिलकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिसमे डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और हुड़दंगियों पर सख्त कार्रवाई करने का फैसला प्रमुख रहा।

बैठक में एसडीएम अविनाश ठाकुर ने स्पष्ट किया कि गणेश विसर्जन के दौरान डीजे बजाने की किसी भी समिति को अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि डीजे का शोर शांति भंग कर सकता है, और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि धुमाल और गढ़वा बाजा बजाने के लिए समय सीमा तय की गई है, जो सुबह से शाम 7 बजे तक रहेगी।

#### जनप्रतिनिधि हुए शामिल

बैठक में सीएमओ अविनाश देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेसी अय्युब कुरैशी, विधायक प्रतिनिधि दामोदर जायसवाल, पार्षद राकेश निषाद, दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, सुमन पाटले, प्रकाश पटेल, पूर्व पार्षद नारायण चतुर्वेदी, विधायक प्रवक्ता अमित टंडन, सरपंच बोधन मेरावी, गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

#### पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

इस बैठक में पुलिस के व्यवहार और कार्यप्रणाली को लेकर भी कुछ शिकायतें सामने आईं। वार्ड 5 के पार्षद अमन सोनी ने थाना प्रभारी राजेश देवदास के समक्ष कुछ पुलिसकर्मियों के अभद्र व्यवहार की शिकायत की। उन्होंने नगर में हुड़दंग मचाने वाले और माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले व्यक्तियों पर भी चिंता जताई। थाना प्रभारी ने ऐसे लोगों को तत्काल गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। इसी तरह नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने भी 112 नंबर की रात्रि गश्त टीम के व्यवहार पर शिकायत करते हुए नगर में शराबखोरी की समस्या उठाया। थाना प्रभारी ने लगातार कार्रवाई करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया।

## बेसिक लाइफ सपोर्ट की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति के लिए है आवश्यक : खूंटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय के रेड क्रॉस सोसायटी तथा भारतरत्न लेट श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में “जीवनशैली कौशल और बुनियादी जीवन समर्थन” पर एक व्याख्यान तथा सीपीआर प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अतुल एम. देशकर (एमबीबीएस) एमडी, संयुक्त निदेशक तथा चिकित्सा अधीक्षक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री राजनांदगांव तथा डॉ. प्रकाश खूंटे (एमबीबीएस) एमडी, सहायक प्राध्यापक, डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री राजनांदगांव रहे।



#### कोरोना काल में की गई सेवा को किया याद

कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते इस तरह के कार्यक्रम जिसमें बुनियादी जीवन समर्थन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सीपीआर को “समय की आवश्यक कुशलता” कहा। जिससे किसी भी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। स्वागत भाषण की कड़ी में महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अतुल रायजादा डॉ. प्रकाश खूंटे द्वारा की जा रही चिकित्सीय सेवा को याद करते कहा कि उनके योगदान को राजनांदगांव की जनता कभी नहीं भूलेगी। कोरोनाकाल में उनके द्वारा की गई सेवा को उन्होंने याद किया।

#### सीपीआर का प्रदर्शन कर दिखाया

डॉ. प्रकाश खूंटे ने अपने व्याख्यान में बुनियादी जीवन समर्थन की विस्तृत जानकारी देते सीपीआर का प्रदर्शन कर दिखाया। डॉ. खूंटे के निर्देशन में डॉ. लकी नेताम जूनियर रेसिडेंट तथा डॉ. सौम्या चेलक एमबीबीएस इंटर्न ने मैनक्विन पर सीपीआर का प्रदर्शन किया। जिसमें बताया गया कि अपने सीधे हाथ की हथेली से मरीज की छाती पर बीचो-बीच 30 बार दबाव डाला जाता है, फिर दो बार मुंह से मुंह से श्वांस दी जाती है। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से आई टीम ने नाटकीय ढंग से एक वालंटियर ने मरीज बनकर बेहोशी का नाटक किया, तब डॉक्टर्स की टीम ने समय पर सीपीआर देकर उसकी जान बचा ली। व्याख्यान में डॉ. अतुल एम. देशकर ने दिनचर्या का प्रभाव स्वास्थ्य पर किस प्रकार होता है की चर्चा की। उन्होंने बताया कि गहरी नींद तनाव मुक्त रहने कितनी आवश्यक है। डॉ. देशकर ने बताया कि किस प्रकार संतुलित आहार लेने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है। साथ ही प्रकृति के छह डॉक्टर्स जैसे हफ्ते में एक दिन तीन घंटे की धूप, आराम, व्यायाम, आहार, शुद्ध जल तथा वायु सारी बीमारियों का इलाज है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का सम्मान, अभिनंद एवं सराहना के प्रतीक के रूप में स्मृति चिन्ह प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, जनभागीदारी अध्यक्ष अतुल रायजादा एवं जनभागीदारी समिति के सदस्यों आरएस नायक, राजकुमार बाफना, आभा श्रीवास्तव, आशीष डोंगरे, चिंटू सोनकर, सुमित आजमानी, आदित्य पराते, अमितेश झा, ईशान शर्मा द्वारा महाविद्यालय परिवार की ओर से प्रदान किए गए।

**।। सोशल मीडिया में प्रकाशित सूचना दिनांक 20/08/2025 का खंडन ।।**

श्री ईश्वर दुबे द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म में इस शीर्षक के साथ “प्रशासन से न्याय की मांग” सूचना प्रकाशित किया है, जिसमे श्रीमती प्रतिभा दुबे पति जितेन्द्र कुमार दुबे के विरुद्ध सोशल मीडिया प्लेटफार्म में अपने मोबाइल नंबर 9406460060 में असत्य समाचार प्रकाशित किया कि, उसके द्वारा प्रतिभा दुबे से कोई प्रतिफल राशि प्राप्त नहीं किया है, उसका वह प्रमाण प्रस्तुत करें तथा श्रीमती प्रतिभा दुबे द्वारा गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगर पालिका अधिनियम के प्रावधान के तहत गैर कानूनी तरीके से प्लाट नंबर-103 एवम प्लाट नंबर 108 स्थित डोंगरगांव के संबंध में हस्तांतरण करा लिया है, जिसके संबंध में राजस्व न्यायालय में प्रकरण क्रियाशील होने का अभिकथन करते हुए सोशल मीडिया से सहयोग की अपील व प्रशासन से न्याय की मांग करते हुए असत्य सूचना प्रकाशित कराया गया है। जबकि श्री ईश्वर दुबे द्वारा अपने स्वत्व की भूमि को उचित प्रतिफल प्राप्त कर श्रीमती प्रतिभा दुबे के पति जितेन्द्र कुमार दुबे को अंतरित किया है। उक्त भूमि प्रतिभा दुबे के कब्जे में होने के आधार पर पट्टे पर प्रदान किया गया है, जिस पर श्रीमती प्रतिभा दुबे वैधानिक स्वत्व के आधार पर कब्जे में है। श्री ईश्वर दुबे द्वारा जानबूझकर सोशल मीडिया में असत्य प्रकाशन कर श्रीमति प्रतिभा दुबे एवं उसके पति जितेन्द्र कुमार दुबे को बार बार अपमानित करने का प्रयास किया जा रहा है जो कि उक्त कृत्य अवैध है, जिसके लिए श्रीमती प्रतिभा दुबे एवं उसके पति जितेन्द्र कुमार दुबे द्वारा श्री ईश्वर दुबे के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करने जा रहा है। इस कारण श्री ईश्वर दुबे द्वारा प्रकाशित कोई भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म में की गयी प्रकाशन अवैध है और मानहानि कारक है।

सूचना जाने ।

डोंगरगांव

खंडनकर्ता
(**श्रीमती प्रतिभा दुबे** पति-जितेन्द्र कुमार दुबे)
सेवतापारा, डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव
(छ.ग.) मो.-9425567739

Shloka
GREENS

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।

# राजनांदगांव लिख रहा है
# प्रगति का नया अध्याय



RERA APPROVED

25+ प्रीमियम सुविधाएँ

- टेम्पल + ऐम्फ़िथिएटर
- किड्स एंड टॉडलर्स प्ले एरिया
- क्लब हाउस
- इवेंट लॉन
- स्विमिंग पूल
- लॉन टेनिस कोर्ट

SANGYAA PR

इस गणेश उत्सव
रजिस्ट्री खर्च पर पायें
50% की छूट

## प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉट्स

आज ही बुक करें

स्कैन करें

PIONEER HOMES

संजीवनी हॉस्पिटल के पास, चिखली,
खैरागढ़ रोड, राजनांदगांव (छ. ग.)

RERA No. PCGRERA250724001800
https://rera.cgstate.gov.in/

83-9996-9991
83-9996-9992

## खबर संक्षेप

### हेमचंद विवि ने परीक्षा परिणाम घोषित किया

**हरिभूमि कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विश्वविद्यालय ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं। इसमें सेमेस्टर परीक्षा (एनईपी) मई-जून 2025 अंतर्गत बीबीए द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम ओवरऑल 67.19 प्रतिशत रहा है। सत्र 2018 से 2024 परीक्षा अंतर्गत रोके गए नतीजे जारी किए हैं।

### माशिमं के द्वितीय मुख्य और अवसर परीक्षा परिणाम जारी

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने हाई व हॉयर सेकेंडरी स्कूल द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा वर्ष-2025 का परिणाम घोषित कर दिया है। हाई स्कूल परीक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत 32.15 व हॉयर सेकेंडरी का परिणाम 49.17 प्रतिशत रहा।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को

**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को होगा।

**बेरुखी : बारिश पर निर्भर किसानों के लिए यह एक बड़ी आपदा**

# पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं होने से क्षेत्र के ग्रामीण किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

शहर सहित क्षेत्र में वर्षा की कमी के कारण किसानों की फसलें सूख रही हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। भगवान इंद्र की कृपा किसानों के ऊपर नहीं बरस रहे जिससे पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं होने से ग्रामीण किसानों की फसलें सूख रही हैं और पूरी तरह विकसित नहीं हो पा रही हैं। बताया जाता है कि बारिश पर निर्भर किसानों के लिए यह एक बड़ी आपदा है। वहीं क्षेत्र में लगातार बिजली आपूर्ति व लो-वोल्टेज के कारण मोटर पंप नही चल रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया विधानसभा के कोलेगांव सहित आसपास के क्षेत्र में जिस मात्रा में किसानों को खेतों में वर्षा की आवश्यकता होती है उस प्रकार की इस बार वर्षा नहीं होने के कारण क्षेत्र के खेत-खलिहान सुखे पड़े है साथ ही साथ ग्रामीण किसान अपनी खेतों में खाद भी नहीं डाल पाया है, ग्रामीण किसानों से मिली जानकारी के अनुसार कम वर्षा होने के कारण इस बार धान की पैदावार उतना अच्छी नहीं दिखाई दे रहा है क्योंकि पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं होने के वजह से ग्राम कोलेगांव व क्षेत्र के किसानों की चिंता साफ देखी जा रही है।

**बिजली समस्या से जूझ रहे ग्रामीण किसान व आम जन**





बताया जाता है कि बिजली सब स्टेशन कोलेगांव व आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसान सहित आम नागरिक लगातार बिजली कटौती व लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे है। क्षेत्र में लगातार बिजली की आंख मिचौली का खेल तथा घंटों-घंटों तक बिजली कटौती से ग्रामीण किसान व आम जनता परेशान है। क्षेत्र के ग्रामीण लगातार बिजली गुल की समस्या से ना तो किसान खेतों में पानी सिंचाई कर पा रही है और ना ही आम नागरिकों को भीषण उमस गर्मी में पर्याप्त बिजली आपूर्ति हो पा रही है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। साथ ही साथ मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण लोगों की स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रही है, जिससे लोग सर्दी-खांसी, बुखार जैसे समस्या से जूझ रहे है।



# मां शारदा श्रीराम संकीर्तन मंडली सुखाताल विविध प्रतियोगिता में हो रही पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

ग्राम बघर्रा में श्रीरामचरित मानस गायन प्रतियोगिता व 24 घंटे का रामधुनी झूला का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें आसपास क्षेत्र के मानस गायन टीम द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर रामधुनी टोलिया द्वारा श्रीसीताराम रामधुनी की शानदार मनमोहक प्रस्तुतियां दी। जिसमें मां शारदा श्रीराम संकीर्तन मानस मंडली ग्राम सुखाताल जुन्नापारा की टोली इन दिनों शानदार प्रदर्शन कर लगातार पुरस्कृत हो रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम बघर्रा में आयोजित प्रतियोगिता में ग्राम सुखाताल रामधुनी टोली को प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए तथा ग्राम सैहामालगी में आयोजित प्रतियोगिता में दूसरा पुरस्कार ग्राम सुखाताल को 7001 रुपए श्रीसीताराम का फोटो व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि मां शारदा श्रीराम संकीर्तन मानस मंडली ग्राम सुखाताल टोली आसपास क्षेत्र में प्रसिद्ध तथा अपनी कला का शानदार व उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर ग्राम का नाम रौशन कर रहे है। वहीं लगातार पुरस्कृत होने पर ग्राम के प्रमुख जनो ने टीम को बधाई दिए जिनमें प्रमुख रूप से मधुसूदन वर्मा पूर्व सरपंच, सत्येन्द्र वर्मा, अमर वर्मा, इतवारी साहू, नेमराज वर्मा, मन्नू वर्मा तथा संकीर्तन मंडली में प्रमुख रूप से युगल वर्मा, चंद्रकुमार, नकुल, भागवत, लक्ष कुमार, नोहर, भोजू, रमेश निषाद, तुलस साहू, जीतू साहू, बौना चंद्रसेन, साधु, धनेश वर्मा, महेश, रामलोचन चौहान, खेलावन, सुकदेव यादव, तुकाराम वर्मा सहित समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया।

# छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती समारोह का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह में स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें पुस्तक वाचन, भाषण, क्विज प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रयोग प्रदर्शन सहित अन्य गतिविधियां शामिल हैं। जिस पर प्राचार्य डीएस जोशी व प्रभारी श्रीमती परमजीत कौर, वीआर साहू, विवेक श्रीवास्तव, श्रीमती सरिता चंद्रवंशी, श्रीमती अंजली तिवारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिसमें आनंद, शिवा, कुलदीप, ललिता, नेहा, वंदना, आत्माराम साहू, सत्खोजन, गौरी, विद्या, विधि श्रीवास, रश्मि व छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में विशेष स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में युवराज सिंह व धनेश सिंह राजपूत भी उपस्थित थें।

# श्री गणेश की भक्ति में लीन बाल गणेशोत्सव समिति, स्वच्छता पर दे रहे विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

हिंदू धर्म के सबसे लोकप्रिय तथा सर्वाधिक पूजे जाने वाले समस्त सिद्धियां के प्रदाता प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश का बाल गणेशोत्सव समिति द्वारा बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ गांव-गांव, शहर-शहर व घर-घर में आनंद व उमंग के साथ गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। वहीं ग्राम दुल्लापुर-रवेली में बाल गणेश उत्सव समिति के छोटे-छोटे बालक-बालिकाओं द्वारा भगवान श्री गणेश को हनुमान मंदिर में विराजित किए गए हैं, साथ ही नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा सुबह-शाम विधि विधान से पूजा अर्चना कर रहे हैं और समय में स्कूल भी जा रहे हैं। साथ ही साथ मंदिर के आसपास की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी बच्चे प्रार्थना करते है कि भगवान गणेश के आशीर्वाद से प्रत्येक जीवन में शुभ-लाभ का संचार हो, हमारा राष्ट्र निरंतर उन्नति के मार्ग पर गति मान रहे। समिति के सदस्य जय शर्मा, शौर्य पांडेय, हर्षिता शर्मा, हिमान्य शर्मा, सुशांत पांडेय, विभव शर्मा, सिद्धांत तिवारी, दीपांशु निषाद सहित समस्त ग्रामवासी दुल्लापुर श्री गणेश उत्सव की भक्ति में लीन है, उक्त जानकारी आचार्य प्रशांत शर्मा द्वारा दी गई।



## ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की नई पहल

**हरिभूमि कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार ने छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का शुभारंभ 31 अगस्त को दोपहर 12:15 बजे किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी रायपुर केंद्र सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ प्रसारित होगा। साथ ही इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध रहेगी, जिससे लोग भी जुड़ सकेंगे। कार्यक्रम के इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भारत सरकार के केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री तथा राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा द्वारा ग्रामीण महिलाओं के नाम विशेष संदेश और प्रेरणादायी शुभकामनाएं प्रसारित की जाएंगी। यह अवसर न केवल एक कार्यक्रम का शुभारंभ होगा बल्कि शासन की नीतियों और योजनाओं को सीधे जनता तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम भी बनेगा।

## आरपीएस में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया

**हरिभूमि कवर्धा।** श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया, जिसमें मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए प्रातः कालीन प्रार्थना सभा उनके जीवन वृत्त पर केंद्रित रही जिसमें बच्चों ने उनके जीवन एवं योगदान विषय पर अपने विचार एवं कविता प्रस्तुत किए, साथ ही बच्चों ने प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया। इस अवसर पर सभा को विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती एम शारदा ने सम्बोधित करते हुए मेजर ध्यानचंद के जीवन के छोटी-छोटी घटनाओं का भावपूर्ण वर्णन किया एवं खेल हमारे संपूर्ण विकास का एक अनिवार्य प्रकल्प है से अवगत कराया। तत्पश्चात विद्यालय के खेल विभाग के शिक्षकों द्वारा कक्षा 6वीं से 12 वीं के विद्यार्थियों के मध्य बैडमिंटन का मंत्री मैच कराया गया, जिसमें पूरा विद्यालय प्रांगण खेल दिवस के भाव में रंग गया। उक्त आयोजन में सभी कक्षाओं के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ आदित्य चंद्रवंशी ने पढ़ाई-लिखाई के साथ खेल को भी जीवन का महत्वपूर्ण कड़ी बताया, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत ही अनिवार्य है साथ ही उन्होंने सभी को राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई प्रेषित की।

# जिले में विशेष राजस्व समाधान शिविरों से नागरिकों को मिली राहत

- 24 राजस्व निरीक्षक सर्किलों में 2 .273 आवेदनों का गांव स्तर पर हुआ समाधान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य शासन द्वारा कबीरधाम जिले के दूरस्थ वनांचल ग्रामों में राजस्व व्यवस्था को सुलभ, पारदर्शी और त्वरित बनाने की दिशा में जिले में 23 जुलाई से 29 अगस्त तक विशेष राजस्व समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को उनके ही गांव में राजस्व से संबंधित सेवाएं सुलभ कराई गई। इसी क्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की विस्तृत बैठक ली।

बैठक में 24 राजस्व निरीक्षक सर्किलों से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों से शिविरों की प्रगति रिपोर्ट लेते हुए कहा कि इस पहल से राजस्व प्रकरणों के निराकरण में उल्लेखनीय तेजी आई है। आम नागरिकों को उनकी समस्याओं का समाधान गांव स्तर पर ही मिलना शासन की जनहितकारी नीति की बड़ी उपलब्धि है। बैठक में अपर कलेक्टर विनय पोयाम, डॉ मोनिका कौड़ो, नरेन्द्र पैकरा, एसडीएम, तहसीलदार सहित राजस्व अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि विशेष राजस्व समाधान शिविरों 24 राजस्व निरीक्षक सर्किलों के अंतर्गत कुल 2 हजार 585 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 2 हजार 273 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। शेष 312 आवेदन अभी प्रक्रियाधीन हैं, जिनमें से अधिकांश विवादित प्रकरण हैं।



कलेक्टर श्री वर्मा ने इस स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष मामलों को भी समयबद्ध ढंग से निपटाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विवादित प्रकरणों में दोनों पक्षकारों की बात ध्यानपूर्वक सुनी जाएं आवश्यक प्रतिवेदन प्राप्त कर निष्पक्ष निर्णय लिया जाए और किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता को त्वरित, पारदर्शी और निष्पक्ष सेवा मिले। इसलिए प्रत्येक लंबित आवेदन को गंभीरता से लेते हुए निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि शिविरों के दौरान जिन प्रकार की समस्याएं अधिक सामने आई उनका विश्लेषण कर आगे के लिए ठोस रणनीति बनाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसे प्रकरण तेजी से सुलझाए जा सकें।

**कलेक्टर ने पिपरिया स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का किया निरीक्षण**

# कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की बैठक लेकर विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पिपरिया सहित जिले के सभी आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने के लिए ठोस पहल की गई है। वर्तमान में जिले में 11 स्वामी आत्मानंद विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जिनमें सेटअप अनुसार पर्याप्त शिक्षक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। जिले के सभी आत्मानंद विद्यालयों के लिए कुल 69 पदों पर विषय विशेषज्ञ पदों की संविदा भर्ती की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए जा चुके है, दस्तावेज का सत्यापन के बाद दवा आपत्ति भी की जा चुकी है। कलेक्टर ने संविदा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ जल्द करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होने पिपरिया स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था, कक्षाओं की स्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा शिक्षकों की उपलब्धता का अवलोकन किया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी पढ़ाई और अध्ययन सामग्री की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि छात्रों की शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए आवश्यक व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए।

श्री वर्मा ने निरीक्षण से पहले जिला शिक्षा अधिकारी एवं चारों विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की बैठक लेकर विद्यालयों में शिक्षकों की कमी की समीक्षा की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया कि जिले में कोई भी विद्यालय पूर्णतः शिक्षक विहीन नहीं है। वर्तमान में 4 प्राथमिक शालाएं तथा 5 पूर्व माध्यमिक शालाएं एकल शिक्षकीय हैं। अनुमानित आंकलन के अनुसार 7 प्राथमिक, 51 पूर्व माध्यमिक तथा 9 हाई सेकेण्डरी विद्यालयों में अतिरिक्त शिक्षकों की आवश्यकता होगी।

इस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में कक्षा-वर्ग के अनुसार अधिक संख्या में शिक्षक कार्यरत है, वहां से समुचित व्यवस्था करने का प्रस्ताव दो दिवस के भीतर प्रस्तुत किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए संविदा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी सात दिवस के भीतर रिक्त पदों पर योग्य शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### शिक्षा की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया प्रगति पर है। जिले के 11 आत्मानंद विद्यालयों के लिए कुल 69 पदों पर संविदा भर्ती की प्रक्रिया जारी है। जिसके पश्चात विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर हो जाएगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि शिक्षा की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। शासन एवं प्रशासन की संयुक्त पहल से निकट भविष्य में पिपरिया सहित जिले के समस्त स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर होगी तथा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु शिक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सकेगी।

# स्कूल शिक्षा मंत्री का प्राचार्य पदोन्नति फोरम ने आभार व्यक्त किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

स्कूल शिक्षा विभाग के ट्राइबल क्षेत्र टी-संवर्ग में विगत 2013 से लंबित प्राचार्य पदोन्नति की प्रक्रिया पर त्वरित निर्णय लेकर 29 अगस्त को व्याख्याता एवं प्रधान पाठक माध्यमिक विद्यालय से 1222 पदोन्नत प्राचार्यो की पदस्थापना आदेश जारी करने के लिए प्राचार्य पदोन्नति फोरम के संयोजक अनिल शुक्ला ने प्रतिनिधि मंडल के साथ मंत्री गजेंद्र यादव का उनके निज निवास में भेंट-मुलाकात व मिठाई खिलाकर पूरे स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आभार व्यक्त किया। शिक्षा मंत्री श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव की सरकार शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्राचार्यो की पदस्थापना हो जाने से शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि एवं प्रशानिक कसावट आएगी। स्कूल शिक्षा मंत्री का पदभार ग्रहण करते ही सबसे पहली फाइल में प्राचार्यो की पदस्थापना को अनुमोदित कर उन्होंने त्वरित निर्णय लेने की कार्य शैली को उजागर किया है। प्रतिनिधि मंडल को मंत्री ने आश्वस्त किया है कि ई-संवर्ग के पदोन्नत प्राचार्यों की भी पदस्थापना आदेश शीघ्र जारी होंगे। पदोन्नति प्राचार्यो में कुछ प्राचार्यो की 31 अगस्त को सेवानिवृत को देखते हुए मंत्री ने 29 अगस्त को ही आदेश जारी करने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि प्राचार्य पदोन्नति फोरम का प्रतिनिधि मंडल 28 अगस्त को मंत्री से मिलकर 29 अगस्त को आदेश जारी करने का अनुरोध किया था ताकि सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ मिल जाए। आभार व्यक्त करने वाले में प्राचार्य पदोन्नति फोरम के मोहसिन अली, देवेंद्र कुमार वर्मा, राजेश द्विवेदी, विकास सिन्हा एवं आरीफ खान उपस्थित थे।

**अव्यवस्था:** खस्ताहाल व्यवस्था के बीच विद्यार्थी मांग रहे शिक्षा का अधिकार, विद्यार्थियों ने किया चक्काजाम

# गर्त में जा रहे जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, पिपरिया में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के सरकारी स्कूलो में अध्यनरत गांव, गरीब और किसानो सहित आम लोगों के बच्चों को मंहगे अंग्रेजी माध्यम निजी स्कूली की तरह शानदार शिक्षा और सुविधाएं मुहैया कराने की मंशा से कांग्रेस शासनकाल में खुले गए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की शिक्षा और व्यवस्थाएं गर्त में जाते दिखाई दे रही है। आलम ये है कि इन उत्कृष्ट विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों को न ही बेहतर शिक्षा मिल पा रही है और न ही सुविधाएं ही नसीब हो रही है। जिसके चलते अब विद्यार्थियों को सड़क पर उतरकर शासन-प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग से शिक्षा का अधिकार मांगना पड़ रहा है। बताया जा है कि इन दिनो जिले के वनांचल ग्राम चिल्फी से लेकर पिपरिया सहित अन्य नगरों व ग्रामीण अंचलों में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश व हिंदी माध्यम के विद्यालय शिक्षकों की कमी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। जिसका सीधा असर बच्चो की पढ़ाई लिखाई और उनके भविष्य में पड़ता दिखाई दे रहा है। वहीं इन उत्कृष्ट विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की भी भारी कमी देखी जा रही है। गत शनिवार को इन्ही गंभीर समस्या को लेकर नगर पंचायत पिपरिया में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश व हिंदी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थी सड़क पर उतर आए और जमकर नारेबाजी की। स्वामीआत्मानंद इंग्लिश व हिंदी माध्यम विधालय पिपरिया के विद्यार्थियों का आरोप है कि उनके विद्यालय में कई महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों की भारी कमी है। जिसके कारण उनका पाठ्यक्रम शुरू नहीं हो पा रहा है। वहीं विद्यार्थियों ने बताया कि विद्यालय में जो शिक्षक पदस्थ हैं वे भी अपने दायित्वों के प्रति गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं और समय पर विद्यालय में उपस्थित नहीं रहते। इसके अलावा विद्यालय में साफ सफाई की उचित व्यवस्था नहीं है, पेयजल की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत पिपरिया के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश व हिंदी माध्यम विद्यालय में व्याप्त इन्हीं तमाम समस्याओं को लेकर शुक्रवार को स्कूल के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने नगर के मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर शिक्षा के अधिकार की मांग की और शासन-प्रशासन तथा स्कूल शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### स्कूल के विद्यार्थियों ने दी चेतावनी



स्वामी आत्मानंद इंग्लिश व हिंदी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अपनी मांग व समस्याओं को लेकर पिपरिया के मुख्य मार्ग में चक्काजाम करने की सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें समझाईश दी तथा जल्द ही विद्यालय में व्याप्त शिक्षकों की कमी को दूर करने तथा व्यवस्थाओं को दुरूस्थ कराए जाने का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर विद्यार्थियों ने चक्काजाम समाप्त किया। लेकिन विद्यार्थियों ने चेतावनी दी है कि अगर एक सप्ताह के भीतर स्कूल में शिक्षकों की कमी और व्यवस्थाओं को दुरूस्थ नहीं किया गया तो अगली बार जिला मुख्यालय कवर्धा में जिला कार्यालय के सामने प्रदर्शन करने बाध्य होंगे। जिसकी सपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग की होगी।

### कलेक्टर ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के दिए निर्देश

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पिपरिया सहित जिले के सभी आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने के लिए ठोस पहल की गई है। वर्तमान में जिले में 11 स्वामी आत्मानंद विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जिनमें सेटअप अनुसार पर्याप्त शिक्षक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। जिले के सभी आत्मानंद विद्यालयों के लिए कुल 69 पदों पर विषय विशेषज्ञ पदों की संविदा भर्ती की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए जा चुके है, दस्तावेज का सत्यापन के बाद दावा आपत्ति भी की जा चुकी है। कलेक्टर ने संविदा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ जल्द करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने पिपरिया स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था, कक्षाओं की स्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा शिक्षकों की उपलब्धता का अवलोकन किया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी पढ़ाई और अध्ययन सामग्री की जानकारी ली।

# दीर्घकालिक संघर्ष के बाद शिक्षाकर्मी बने प्राचार्य




■ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ में शिक्षा कर्मियों को दीर्घकालिक संघर्ष के परिणामस्वरूप प्राचार्य पद पर पदांकित होने में सफलता प्राप्त हुआ है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राचार्य पद पर पदांकित शिक्षा कर्मियों को बधाई दिया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि पंचायत विभाग में शिक्षा कर्मी वर्ग-एक, दो व तीन के पद पर 1995 में अत्यल्प मानदेय पर एक-एक सत्र के लिए नियुक्ति किया गया। इसके बाद भर्ती व पदोन्नति नियम बनाकर 1998 से नियमित नियुक्ति प्रारम्भ हुआ।

इसमें नियमों के अनुसार शिक्षा कर्मी वर्ग-एक व दो को पदोन्नति का अवसर मिला, लेकिन शिक्षा कर्मी वर्ग-1 को पदोन्नति का अवसर नहीं मिला। इस दौरान शिक्षा कर्मियों के सतत व दीर्घकालिक संघर्ष के परिणामस्वरूप 2018 में पंचायत से स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन व शासकीय शिक्षक का दर्जा प्राप्त हुआ।

स्कूल शिक्षा विभाग के भर्ती व पदोन्नति नियमों के अनुसार टी-एलबी संवर्ग के व्याख्याताओं को 27 साल की सेवा के बाद पहली बार पदोन्नति का लाभ मिला है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 29 अगस्त 2025 को जारी आदेश के अनुसार टी-एलबी संवर्ग के तीन सौ व्याख्याताओं को प्राचार्य पद पर पदोन्नति मिला है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि को शिक्षकों के दीर्घकालिक संघर्ष का परिणाम बताया है।

## खबर संक्षेप

### पौधारोपण कर किया लोगों को प्रेरित

**कवर्धा।** लोगों को पौध रोपण के लिए प्रेरित करने की मंशा से पर्यावरण संरक्षण समिति पंडरिया के साथ पंडरिया तहसीलदार संजय मोध्या के सुपुत्र वेदांत मोध्या ने शनिवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर कुकदूर रोड स्थित वन विभाग कालोनी में बरगद व पीपल का पौधा रोपित किया। साथ ही लोगों को पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया। श्री मोध्या व उनके परिवार के सभी सदस्य विशेष अवसरों पर समिति के साथ पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित करते हैं। इस दौरान समिति के मोहन राजपूत, अनुराग ठाकुर, चंद्रप्रकाश राजपूत, मोहन सिंह (राजू), हमीद खान, एस एल कुर्रे, गोविंद रजक, राजीव श्रीवास्तव, नगर पालिका के सीएमओ अमिताभ शर्मा, तहसीलदार संजय मोध्या सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### 1 और 2 सितम्बर को सरकारी नल रहेंगे बंद

**कवर्धा।** शहरवासियों को आने वाले दो दिन तक पानी की परेशानी झेलनी पड़ सकती है। नगर पालिका परिषद कवर्धा ने मुनादी सूचना जारी कर बताया कि सरोधा केनाल में आई तकनीकी खराबी के चलते जल आपूर्ति बाधित रहेगी। नगर पालिका प्रशासन के मुताबिक 01 सितम्बर सोमवार को शाम की पाली में पानी नहीं मिलेगा। इसी प्रकार 02 सितम्बर मंगलवार को सुबह और शाम दोनों पालियों में जलापूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते पानी का संग्रह कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि तकनीकी समस्या को जल्द से जल्द दुरुस्त कर लिया जाएगा।

# जिले की छात्रा खेलेश्वरी साहू मेडिसिन रिमाइंडर वॉच राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रक्से की होनहार छात्रा खेलेश्वरी साहू ने अपनी नवाचारी सोच से जिले और प्रदेश का नाम रौशन किया है। अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग और स्पेस किड्ज इंडिया के सहयोग से आयोजित यंग साइंटिस्ट इंडिया 11वां संस्करण (2025-26) में खेलेश्वरी का अनोखा प्रोजेक्ट मेडिसिन रिमाईंडर वॉच राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुआ है। यह भव्य प्रतियोगिता 28 और 29 अगस्त 2025 को चेन्नई में आयोजित की गई। जहां देशभर से चुने गए 175 प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। इन्हीं में से एक कबीरधाम जिले का यह अभिनव प्रोजेक्ट भी रहा। खेलेश्वरी ने अपने मेडिसिन रिमाईंडर वॉच प्रोजेक्ट के माध्यम से एक सरल, सस्ती और



भरोसेमंद तकनीक प्रस्तुत की, जो लोगों को समय पर दवा लेने की याद दिलाती है। यह घड़ी अरुडिनो नैनो और आरटीसी पर आधारित है, जिसमें ओएलईडी डिस्प्ले दवा का संदेश दिखाता है और बजर अलार्म बजाकर यूजर को सूचित करता है। चार बटनों की मदद से समय सेट करना और अलार्म रोकना बेहद आसान हो जाता है। यह डिवाइस बुजुर्गों, रोगियों और व्यस्त लोगों के लिए महंगे स्मार्टवॉच का एक सस्ता व व्यवहारिक विकल्प है। खेलेश्वरी ने बताया कि 29 अगस्त 2025 को आयोजित विशेष सत्र में उन्हें कई महान व्यक्तित्वों से मिलने का अवसर मिला। इनमें विंग कमांडर जया तारे, इसरो वैज्ञानिक जी. सतीश कुमार, एनालॉग एस्ट्रोनॉट आस्था झाला, स्पेस किड्ज इंडिया की सीईओ एवं संस्थापक डा. श्रीमैथी केसन तथा फ्रांस के वैज्ञानिक ह्यूज बोइतू शामिल रहे। इस उपलब्धि ने न केवल खेलेश्वरी के वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार को बढ़ावा दिया है, बल्कि जिले और प्रदेश के लिए भी गर्व का

# मुंगेलीडीह में खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था बिजली के पोल दे रहे दुर्घटना को न्योता

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विद्युत विभाग की अनदेखी और खस्ताहाल व्यवस्था के चलते ग्राम मुंगेलीडीह में गंभीर विद्युत संकट के साथ खतरा भी मंडराता दिखाई दे रहा है। बताया जाता है कि क्षेत्र में बिजली सप्लाई के लिए विभाग द्वारा गाड़े गए अधिकांश विद्युत पोल देखरेख और रखरखाव के आभाव में झूक चुके हैं। कुछ विद्युत पोल की स्थिति तो इतनी खराब है कि वे नब्बे डिग्री तक झुक चुके हैं और कभी जमीदोज होकर न सिर्फ क्षेत्र की विद्युत सप्लाई को बाधित कर सकते हैं बल्कि क्षेत्रवासियों और मवेशियों के जीवलेवा खतरा भी उत्पन्न कर सकते हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने



बताया कि इस अव्यवस्था के संबंध में कई बार विद्युत विभाग के लाईन मेन सहित जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन कोई भी इस दिशा में



कार्यवाही करते नहीं दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन तथा विद्युत विभाग से क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों को तत्काल दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।

### कृषि विज्ञान केन्द्र में कार्यशाला आयोजित

**कवर्धा।** कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा में आज भगवान श्री बलराम जयंती एवं किसान दिवस के अवसर पर प्राकृतिक, गौ आधारित खेती के साथ-साथ तिलहन उत्पादन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान श्री बलराम जी के प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष, कृषक कल्याण परिषद सुरेश चंद्रवंशी, डोमन चंद्रवंशी, दानेश्वर सिंह परिहार, जीवन लाल यादव एवं सहित अतिथयों का स्वागत वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ बीपी त्रिपाठी, उपसंचालक कृषि अमित मोहंती द्वारा पुष्पगुच्छ से किया गया। इस दौरान जिले के कृषक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अध्यक्ष, कृषक कल्याण परिषद सुरेश चंद्रवंशी ने युवाओं को कौशल विकास एवं कृषि संबंधित प्रायोगिक कार्यो से अधिक से अधिक जोडने के लिए आव्हान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपसंचालक अमित मोहंती ने जिले में संचालित कृषि विभाग की योजनाओं एवं प्राकृतिक एवं गौ आधारित कृषि पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम में पशुपालन, उद्यानिकी, मात्स्यिकी विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने विभागीय योजनाओ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीपी त्रिपाठी ने वर्तमान परिदृश्य में कृषि की चुनौतियों से अवगत कराते हुये कहा कि वर्तमान कृषि पद्धति में रासायनिक उर्वरको एवं कीटनाशकों आदि के कारण मृदा स्वास्थ, मानव एवं पशुओ के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। जिसके कारण विभिन्न प्रकार के रोग हो रहे है। इसके दूष्प्रभाव को कम करने के लिए प्राकृतिक खेती कारगर सिद्ध होगी। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. एनसी बंजारा द्वारा प्राकृतिक खेती में मुख्य रूप से गौ आधारित उत्पाद जैसे-बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत एवं नीमाशास्त्र आदि का उपयोग किया जाता है। जिससे जमीन में लाभदायक सूक्ष्म जीवो के साथ-साथ केचुओं के संख्या में वृद्धि होती है एवं कृषि लागत में कमी एवं कृषि उत्पादो की गुणवत्ता में वृद्धि होती है।

## पॉक्सो एक्ट एवं अधिनियमों के प्रति जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे विधिक जागरूकता अभियान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के निर्देशानुसार जिले के सभी स्कूलों में पॉक्सो एक्ट एवं अन्य अधिनियमों के जागरूकता के संबंध में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत आज नगर के अभ्युदय हायर सेकेण्डरी विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गितेश कुमार कौशिक तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमन तिग्गा एवं व्यवहार न्यायाधीश सुश्री वर्षा गुर्दे के द्वारा विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को लैंगिक



अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012, मोटरयान अधिनियम, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सोशल मिडिया साईट के हानिकारक प्रभाव के बारे में सारगर्भित जानकारी प्रदान करते हुए जागरूकता प्रदान की गई। जिला न्यायपालिका के न्यायाधीशगण द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में भी जानकारी दी गई साथ ही पॉक्सो एक्ट के महत्वपूर्ण प्रावधान जिसमें पीड़ित बालकों की गोपनीयता, पीड़ित बालकों के कथन उनकी सुविधानुसार स्थान में दर्ज कराने की व्यवस्था जैसे विभिन्न संरक्षक प्रावधानों के बारे में बालकों को अवगत कराते हुए वर्तमान समाज में विधिक जागरूकता की कमी से होने वाली हानियों को वास्तविक दृष्टांतो का उदाहरण प्रस्तुत कर विद्यालय में लगभग 200 छात्र-छात्राओं को जागरूकता प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि इस दौरान विद्यार्थियों को उनकी जिज्ञासा के अनुरूप उत्तम चारित्रिक विकास व उसके निर्माण हेतु भी प्रेरित किया गया।

### आरंभ संस्था ने 320 स्कूली बच्चों को बांटे जूता, मोजा और कापी



**कवर्धा।** संस्था आरम्भ अ फर्स्ट स्टेप वेलफेयर सोसाइटी पटवारी सदस्य द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के विभिन्न स्कूलों के स्कूली बच्चों को सुगम शिक्षा और स्कूली शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्धेश्य से पंडरिया ब्लॉक के दूरस्थ वनाचल क्षेत्र के प्राथमिक शाला भूरभुसपानी, मजगांव, गभोड़ा, कुंडपनी, बिरहुलडीह, पंडारीपानी एवं माध्यमिक शाला पंडारीपानी व आश्रम पंडारीपानी के लगभग 320 बच्चों को जूता मोजा, कॉपी पेन वितरण किया गया। आरंभ संस्था के इस शानदार प्रयास से लाभान्वित स्कूलों के बच्चे जूता, मोजा और कापी पाकर खासे प्रशन्न नजर आए उनके चेहरे खुशी से खिन उठे। संस्था के सदस्यों ने कहा कि हम अधिक से अधिक स्कूल और बच्चों तक पहुंचकर उनको शिक्षा के साथ जोड़े रखे रहने के लिए प्रयास कर रहे हैं। हमारी संस्था का उद्धेशय अधिक से अधिक स्कूली बच्चों को शिक्षा के लिए जरुरी संसाधन देने का निरंतर प्रयास करना है।

**कलेक्टर ने वनांचल ग्राम उसरवाही में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम का किया निरीक्षण**

# मिनी स्टेडियम का निर्माण समय-सीमा व उच्च गुणवत्ता के साथ कराने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर ने बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम उसरवाही में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की बारीकियों को परखा और संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार को तेज गति एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य सीधे जिले के युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा गुणवत्ताहीन कार्य को हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले के युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर मंच और सुविधाएं उपलब्ध कराने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर कबीरधाम जिले में 24 मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन स्टेडियमों के निर्माण पर कुल 12 करोड़ 29 लाख रुपए की




लागत व्यय की जा रही है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निरीक्षण के दौरान निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। यदि गुणवत्ताहीन निर्माण की शिकायत मिली, तो इसकी तत्काल जांच की जाएगी। शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों पर कठोर कार्रवाई होगी। विभागीय अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखना अनिवार्य होगा। कार्य में देरी या अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित एजेंसी का भुगतान रोकने का निर्देश भी दिया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि मिनी स्टेडियम के निर्माण पूर्ण हो जाने पर जिले के युवा अपनी खेल प्रतिभा को और निखारने में सक्षम होंगे। इन स्टेडियमों से न केवल खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा, बल्कि बच्चों और युवाओं को विभिन्न खेलों में दक्षता अर्जित करने का भी अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मिनी स्टेडियम जिले के युवाओं को सेना, पुलिस सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं के लिए आवश्यक शारीरिक प्रशिक्षण में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे। साथ ही, यह स्टेडियम ग्रामीण अंचल के युवाओं में खेलों के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ाने का भी माध्यम बनेंगे। कलेक्टर श्री वर्मा ने ठेकेदार और निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि सभी कार्य समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह स्टेडियम जिले के युवाओं के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और खेल गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करेंगे।

# जिले में तंबाकू नियंत्रण पर हुई सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला कबीरधाम में सोमवार को कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तूरे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में कोटपा 2003 के नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्यवाही विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम चारभाटा एवं गोछीया में की गई, जहां पान दुकानों, थोक किराना स्टोर्स सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जांच के दौरान कोटपा 2003 की धारा 4 और 6 के उल्लंघन पाए जाने पर कुल 20 चालान काटे गए। कार्रवाई के साथ ही ग्रामीणों एवं दुकानदारों को सिगरेट और तंबाकू से होने वाले



दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा कोटपा के नियमों का पालन करने के लिए समझाइश भी दी गई। मौके पर लिखित पॉम्प्लेट का वितरण कर लोगों को जागरूक किया गया कि तंबाकू सेवन न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि यह कानूनन भी दंडनीय अपराध है। अभियान के दौरान ग्राम गोछीया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विशेष स्कूल जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ भविष्य की दिशा में सजग रहने का संदेश दिया गया। इस अभियान का नेतृत्व औषधि निरीक्षक जितेंद्र पाटीदार एवं जिला नोडल अधिकारी (एनटीसीपी) डॉ. रोशनी पटेल ने किया। अभियान में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल रहे। सीएमएचओ ने बताया कि तंबाकू नियंत्रण कानूनों के उल्लंघन पर इसी तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार की जाती रहेगी।